भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2878

18 मार्च, 2020 को उत्तर के लिए

भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (सेल) का खुदरा नेटवर्क

2878. श्री ए.के. सेल्वाराजः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (सेल) कई राज्यों में टीएमटी बार्स की खरीद को बढ़ाने के लिए कंपनी का खुदरा नेटवर्क स्थापित करने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या यह भी सच है कि कई राज्य सरकारों ने भी इसकी मांग की है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) से (घ): स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के पास टीएमटी बार्स तथा गैल्वनाइज्ड उत्पादों की बिक्री के लिए एक दशक से अधिक समय से विक्रेताओं का एक खुदरा नेटवर्क उपलब्ध रहा है। बाजार के बदलते समीकरणों तथा ग्राहकों की आवश्यकताओं को देखते हुए सेल के खुदरा नेटवर्क में भी परिवर्तन हुआ है।

सेल ने वितरकों के मौजूदा एक स्तरीय खुदरा नेटवर्क के स्थान पर वितरकों एवं विक्रेताओं के एक दो स्तरीय खुदरा नेटवर्क को कार्यान्वित करना शुरू किया है। वर्तमान में 32 वितरकों तथा 2000 से अधिक विक्रेताओं के साथ देश के सभी राज्यों में सेल का खुदरा नेटवर्क मौजूद है।

****